पितृपक्ष सप्तमी
श्राद्धतिथि दिवस

माँ
मधुराधिपते
अखिलं मधुरम
प्रणाम । वंदन ।
उपाध्याय परिवार

सांध्य दैनिक
# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट
*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel
DGR Detective Group Report
सतर्क रहें-सजग रहें अभियान
www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com
वर्ष : 10 अंक : 72 | इंदौर, मंगलवार 24 सितंबर, 2024 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## राऊ विधायक मधु वर्मा को आया हार्टअटैक, अस्पताल में भर्ती

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** इंदौर की राऊ विधानसभा सीट से भाजपा विधायक मधु वर्मा को दिल का दौरा पड़ा है। जिस समय अटैक आया, वे घर पर थे। इसके बाद वे बेहोश हो गए। परिजन उन्हें रिंगरोड स्थित निजी अस्पताल में लेकर पहुंचे। उनकी हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। डॉक्टरों का कहना है कि शुगर लेवल कम होने से वे बेहोश हो गए थे।



72 वर्षीय विधायक मधु वर्मा ने सुबह घर पर नाश्ता किया और दवाई खाई थी। इसके बाद वे बेहोश हो गए। वर्मा के सहयोगी उस समय घर पर ही थे। वे कार से उन्हें अस्पताल ले गए। आईसीयू में भर्ती कराया। भाई बलराम वर्मा ने कहा कि मधु वर्मा को अटैक आया है, लेकिन अब चिंता की कोई बात नहीं है। उनका इलाज जारी है।

2023 के चुनावों में मधु वर्मा को 1,51,672 वोट मिले थे। जीतू पटवारी 1,16,150 को वोट मिले। राऊ में जीतू पटवारी 35,522 वोटों से हारे थे। इससे पहले 2018 में भी मधु वर्मा और जीतू पटवारी के बीच मुकाबला था। वर्मा को 1,02,037 वोट मिले थे। पटवारी ने 1,07,740 वोट हासिल किए और पांच हजार वोटों से जीत हासिल की थी। मधु वर्मा इससे पहले इंदौर विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष भी रहे हैं और इंदौर के महापौर का पद भी उन्होंने संभाला है। उनकी पहचान क्षेत्र में एक जननेता के तौर पर है।

# इंदौर में पार्किंग के बजाए बिक रही थी कारें, हो रहा था इलाज

## शोरुम, अस्पताल सील

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** दिल्ली के बेसमेंट में पानी भरने से तीन छात्रों की मौत के घटना के बाद नगर निगम ने इंदौर में बेसमेंट में व्यावसायिक गतिविधियां संचालित करने वाले संस्थानों के खिलाफ अभियान छेड़ रखा है। डेढ़ सौ से ज्यादा बिल्डिंगों को चिन्हित किया गया है। जिसके बेसमेंट में वाहनों की पार्किंग के बजाए शोरुम, दुकानें संचालित हो रही है।



मंगलवार को नगर निगम की टीम ने एसएनजी अस्पताल और बीआरटीएस में एक कार शोरुम को सील किया। अस्पताल के बेसमेंट में मरीजों की जांच के लिए केबिन बने थे,जबकि अस्पताल में आने वाले वाहन सड़क पर खड़े हो रहे थे और यातायात बाधित होता था।

अस्पताल संचालक को अफसरों ने कहा कि जब बिल्डिंग का नक्शा स्वीकृत किया गया था तो बेसमेंट का उपयोग पार्किंग तय किया गया है, इसलिए यहां पार्किंग ही होना चाहिए। इसी तरह रुकमणी कार शोरूम में भी बेसमेंट में नई कारों को खड़ा किया गया था। शोरूम में आने वाली दूसरी कारों का पार्किंग के लिए जगह ही नहीं मिलती थी।

### जेल रोड पर क्यों नहीं हो रही बिल्डिंगें सील

जिन 20 से ज्यादा भवनों के बेसमेंट सील किए गए है। वहां अब व्यावसायिक गतिविधियां बंद हो गई है और वे निगम के अभियान पर पक्षपात का आरोप भी लगा रहे है। उनका कहना है कि जेल रोड पर सबसे ज्यादा पार्किंग की समस्या है।

वहां की बिल्डिंगों की पार्किंग में मार्केट संचालित हो रहे है। कई बार वहां आग भी लग चुकी है, लेकिन वहां सड़कों को फुटपाथों से मुक्त नहीं किया गया। दुकानदारों ने सार्वजनिक फुटपाथों पर लोहे के एंगल और ओटले बना रखे है। महारानी रोड और ग्वालटोली क्षेत्र भी कभी बिल्डिंग सील नहीं हुई। वहां भी पार्किंग की समस्या रहती है।

# एमपी में भाजपा सदस्यता अभियान को लेकर बना रिकॉर्ड, आंकड़ा 80 लाख पार, यूपी के बाद देश में दूसरे नंबर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल।** मध्य प्रदेश भाजपा ने रविवार को एक दिन में 10 लाख सदस्य बना कर नया कीर्तिमान रच दिया है। यह पहला मौका है जब भाजपा ने 24 घंटे में 10 लाख सदस्य बनाए हैं। इसके साथ ही सोमवार तक भाजपा ने 80 लाख सदस्य बनाकर रिकॉर्ड बना लिया। इसके साथ ही मध्य प्रदेश सदस्यता अभियान में यूपी के बाद दूसरे नंबर पर आ गया है और गुजरात को उसने पीछे छोड़ दिया है। भाजपा के सदस्यता अभियान का पहला चरण 25 सितंबर तक चलना है। अब भाजपा ने बुधवार को प्रत्येक बूथ पर 100 सदस्य बनाने का लक्ष्य रखा है। इसके साथ ही भाजपा पदाधिकारियों को उम्मीद है कि पार्टी का एक करोड़ सदस्य बनाने का लक्ष्य पहले चरण में ही पूरा कर लिया जाएगा।

भारतीय जनता पार्टी पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की जयंती पर 25 सितंबर को संगठन पर्व के तहत अधिकतम सदस्यता दिवस के रूप में मनाने जा रही है। अधिकतम सदस्यता दिवस के संबंध में सोमवार को मध्य प्रदेश भारतीय जनता पार्टी के सभी मंडलों की विस्तारित बैठक हुई। बैठक में कार्यकर्ताओं सोमवार को दोपहर तक मध्य प्रदेश में संगठन पर्व के तहत सदस्यता का आंकड़ा 80 लाख को पार करने पर प्रसन्नता व्यक्त की गई और पार्टी संगठन द्वारा तय किए गए लक्ष्य से अधिक सदस्य बनाकर इतिहास बनाने का संकल्प व्यक्त किया गया।

संगठन पर्व में 80 लाख का आंकड़ा मध्य प्रदेश भाजपा द्वारा पार करने पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व खजुराहो सांसद विष्णुदत्त शर्मा एवं प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण करने वालों को भाजपा परिवार में स्वागत किया है और कार्यकर्ताओं को बधाई दी है। बैठक में यह विश्वास व्यक्त किया गया कि भाजपा मध्य प्रदेश में कार्यकर्ताओं के मेहनत और परिश्रम से जल्द ही सदस्यता के एक करोड़ के जादुई आंकड़े को पार करेगी।

### रिकॉर्ड सदस्यता दिलाने का लिया संकल्प

भारतीय जनता पार्टी के मंडलों की विस्तारित बैठक में 25 सितंबर को पंडित दीनदयाल की जयंती पर अधिकतम सदस्यता दिवस पर रिकॉर्ड संख्या में लोगों को पार्टी की सदस्यता दिलाने की रणनीति बनाई गई। बैठक में कार्यकर्ताओं ने संकल्प लिया कि 25 सितंबर को अपने-अपने क्षेत्र में अधिकतम सदस्यता का रिकॉर्ड बनाएंगे। इसका सोशल मीडिया पर प्रचार-प्रसार किया जाएगा। हर बूथ पर 25 सितंबर को कम से कम 100 सदस्य बनाए जाएंगे। सभी प्रमुख कार्यकर्ता टोली बनाकर घर-घर संपर्क कर अधिक से अधिक लोगों को पार्टी से जोड़ेंगे। बूथों की जिम्मेदारी पार्टी के पदाधिकारियों और जनप्रतिनिधियों को देने के साथ दूरस्थ अंचल वाले बूथों पर 24 की शाम को ही पार्टी कार्यकर्ताओं को पहुंचना तय किया गया, ताकि 25 सितंबर को सुबह से लोगों को सदस्य बनाया जाना सुनिश्चित हो सके।

### केंद्रीय नेतृत्व ने भी दी बधाई

भारतीय जनता पार्टी के सदस्यता का एक नया रिकॉर्ड बनाया है। भारतीय जनता युवा मोर्चा ने शनिवार और रविवार को युवाओं को पार्टी से जोड़ने के लिए विशेष सदस्यता अभियान चलाया गया। एक दिन में मध्यप्रदेश में रिकॉर्ड 10 लाख लोगों ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की, जिनमें 7 लाख 50 हजार से अधिक लोगों ने विधिवत सदस्यता फार्म भी भर दिया है। इस उपलब्धि के लिए पार्टी के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बीएल संतोष ने भारतीय जनता पार्टी मध्यप्रदेश की पूरी टीम को बधाई दी है।

## ठेकेदार की गोली मारकर हत्या

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** बाणगंगा और गांधी नगर इलाके के बीच सुपर कॉरीडोर पर एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गई। युवक के शव को अरबिंदो अस्पताल भेजा गया है। बाणगंगा पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक मृतक का नाम बलराम है। बताया जाता है कि वह मकान निर्माण के काम से जुड़ा था। किसी ने विवाद के बाद उस पर गोली चलाई है। प्रारंभिक जानकारी के मुताबिक उसे घायल अवस्था में अरबिंदो ले जाया गया था। यहां उसकी मौत हो गई।

# विषय का ठीक ज्ञान हो, यह बहुत आवश्यक : सोनल ए. गुप्ता

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। जीवन में माँ का बहुत महत्व है। कोई आवश्यक नहीं है कि आपकी पृष्ठभूमि मजबूत हो तो ही आप राष्ट्रीय स्तर के संस्थान में पढ़ सकते हैं या दायित्व ले सकते हैं। आपको विषय का ठीक ज्ञान हो, यह आवश्यक है। इसके लिए पुस्तकों का साथ लें। आप टॉप कर सकते हैं।**

इंदौर इंटरनेशनल कॉलेज (सोलसिंदा) में नवप्रवेशित विद्यार्थियों के दीक्षारंभ कार्यक्रम में बतौर अतिथि यह बात अतिरिक्त उप-महाधिवक्ता (मप्र, उच्च न्यायालय) एडवोकेट सोनल ए. गुप्ता ने अपने जीवन की प्रेरणास्पद घटनाओं से विद्यार्थियों को रूबरू कराते हुए कही। अतिथि रूप में विधायक रमेश मेंदोला, प्रख्यात सॉईकॉलॉजिस्ट डॉ. संदीप अत्रे, डीएसपी (इंदौर ग्रामीण) डॉ. उमाकांत चौधरी एवं प्रेरक वक्ता रवि गुर्जर (एफ.एम. रेडियो) भी उपस्थित रहे।

संस्था के समूह निदेशक डॉ. पुनीत द्विवेदी ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को संस्थान के




संस्कार, अनुशासन, कार्य प्रणाली एवं विभिन्न शैक्षणिक गतिविधियों से परिचित कराना था, जिसमें वरिष्ठ शिक्षकों ने प्रजेंटेशन के माध्यम से संस्थान के संबंध में जानकारी दी।

शुभारंभ सरस्वती वंदना एवं अतिथियों के सम्मान के साथ हुआ। डॉ. द्विवेदी ने स्वागत भाषण दिया। संस्था के अध्यक्ष एडवोकेट अक्षांशु तिवारी ने सभी अतिथियों को पुष्प गुच्छ, अंगवस्त्र, श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह से सम्मानित किया। कार्यक्रम 2 सत्र में आयोजित किया गया। पूर्व सत्र में कानून के विद्यार्थियों का दीक्षारम्भ हुआ। इसकी संयोजिका प्राचार्य डॉ. नेहा शर्मा चौधरी रहीं। मुख्य वक्ता के रूप में मनोवैज्ञानिक डॉ. आत्रे ने अपने अनूठे अंदाज से विद्यार्थियों को जीवन की कई बारीकियों एवं वास्तविकताओं से परिचित कराया और कहा कि आज ही आप सभी को यह तय करना चाहिए कि यह कोर्स करने के बाद आप क्या बनेंगे ? पूर्व योजना ही पूर्ण योजना है।

दूसरे सत्र में प्रबंध, वाणिज्य आदि के विद्यार्थियों का दीक्षारंभ कार्यक्रम किया गया। मुख्य डीएसपी डॉ. चौधरी एवं वक्ता श्री गुर्जर की गरिमामय उपस्थिति रही। दोनों ने विद्यार्थियों को जीवन में अनुशासन का पाठ पढ़ाया। इस सत्र का संयोजन प्राचार्य डॉ. राजेश वर्मा ने किया।

आयोजन में विशेष उपस्थिति में रहे विधायक श्री मेंदोला का सम्मान अक्षांशु तिवारी ने किया। श्री मेंदोला ने विद्यार्थियों को अच्छी शिक्षा लेकर परिवार और स्वयं का भविष्य सुधारने के लिए अनुभवों से प्रेरित किया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को रक्षा सूत्र बांधकर उत्कृष्ट शिक्षा देने का संकल्प लिया गया। समापन प्राचार्य डॉ. चौधरी के आभार ज्ञापन से हुआ।

## देशभर से आए वैश्यबंधुओं को देर रात तक दी गई बिदाई

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। म.प्र. वैश्य महासम्मेलन द्वारा पश्चिमी रिंग रोड, स्कीम 71 स्थित दस्तूर गार्डन पर आयोजित अ.भा. वैश्य युवक-युवती परिचय सम्मेलन में रविवार देर रात तक प्रत्याशियों के परिचय का दौर चलता रहा। देशभर से आए मेहमानों और प्रत्याशियों की मौजूदगी से गार्डन का संपूर्ण क्षेत्र खचाखच भरा रहा। इस दौरान कुल 2120 प्रत्याशियों ने मंच पर आकर बेबाकी से अपने भावी जीवन साथी के बारे में अपनी राय भी बताई और परिचय भी दिया। इस दौरान 300 से अधिक रिश्तों पर चर्चाओं का दौर चल पड़ा। संध्या को वरिष्ठ समाजसेवी विनोद अग्रवाल एवं आयोजन समिति के अध्यक्ष दिनेश मित्तल ने सभी समिति संयोजकों एवं कार्यकर्ताओं का सम्मान किया। आयोजन समिति के प्रमुख संयोजक अरविंद बागड़ी, समन्वयक धीरज खंडेलवाल, संयोजक राजेश गर्ग एवं शिव जिंदल ने बताया कि दो दिवसीय इस सम्मेलन में देश के 12 राज्यों से आए प्रत्याशियों और मेहमानों की बिदाई का सिलसिला रात 10 बजे तक भी चलता रहा। सभी मेहमानों ने इतनी सुंदर व्यवस्थाएं करने के लिए आयोजन समिति के पदाधिकारियों को बधाई देते हुए खुले मन से उनकी सराहना की।

## जयंती महोत्सव की प्रचार सामग्री का लोकार्पण

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। पितृ पुरुष महाराजा अग्रसेन के जयंती महोत्सव के उपलक्ष्य में अग्रसेन यूथ क्लब द्वारा इस वर्ष भी विभिन्न रंगारंग, सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं, जिनका निमंत्रण म.प्र. वैश्य कल्याण ट्रस्ट के अध्यक्ष गिरीश अग्रवाल को भी दिया गया। इस अवसर पर उन्होंने यूथ क्लब की गतिविधियों की जानकारी प्राप्त कर महोत्सव की प्रचार सामग्री का लोकार्पण भी किया। कार्यक्रम में विधायक गोलू शुक्ला, केन्द्रीय समिति के पूर्व अध्यक्ष गोविंद सिंघल, समाजसेवी विष्णु बिंदल, राजेश बंसल, नारायण अग्रवाल 420 पापड़वाले, संदीप गोयल आटो तथा क्लब के अन्य पदाधिकारी भी मौजूद थे। महोत्सव में इस बार सबसे दिव्य और विराट अ.भा. कवि सम्मेलन का आयोजन रविवार, 29 सितम्बर को रात 8 बजे अग्रसेन चौराहे पर होगा, जिसमें देश के नामी और प्रख्यात कवि अपनी रचनाओं से श्रोताओं को गुदगुदाएंगे। क्लब के अध्यक्ष रजत गर्ग एवं सचिव प्रतीक गुप्ता ने बताया कि कवि सम्मेलन का संचालन मंच सम्राट राष्ट्रकवि पं. सत्यनारायण सत्तन करेंगे और इसमें शशिकांत यादव, प्रताप फौजदार, मुन्ना बेट्री, दिनेश देसी घी, मोनिका दुबे एवं अना दहलवी सहित अनेक कविगण शामिल होंगे।

## भिक्षावृत्ति करते 10 महिलाएं एवं चार बच्चों को रेस्क्यू किया

### भिक्षावृत्ति मुक्त इन्दौर अभियान के तहत जिला प्रशासन द्वारा की जा रही है सतत कार्रवाई

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। कलेक्टर आशीष सिंह के निर्देशानुसार भिक्षावृत्ति मुक्त इन्दौर अभियान के तहत जिला प्रशासन की टीम द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। महिला एवं बाल विकास विभाग और नगर निगम की संयुक्त टीम द्वारा सोमवार को इंदौर शहर के विभिन्न क्षेत्रों में भिक्षा मांगने वालों के विरूद्ध रेस्क्यू की कार्रवाई की गई। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास रामनिवास बुधौलिया एवं उपायुक्त नगर निगम श्रीमती लता अग्रवाल के निर्देशन में जिला प्रशासन और नगर निगम की संयुक्त टीम द्वारा आज अन्नपूर्णा मंदिर और चौराहे से 10 महिलाएं एवं चार बच्चों को भिक्षावृत्ति करते हुए रेस्क्यू कर इन्हें उज्जैन के सेवा धाम में प्रवेशित कराया गया। जिला प्रशासन की टीम द्वारा भिक्षा मांगने वाले और भिक्षा देने वाले, दोनों के विरूद्ध कार्यवाही की जा रही है। आज श्री सतीश गंगराडे, श्री दिनेश मिश्रा एवं अन्य टीम सदस्यों द्वारा रेस्क्यू की कार्रवाई की गई। बताया गया कि इस तरह की कार्यवाहियां लगातार जारी रहेंगी।

## इस्कॉन मंदिर के विकास कार्यों से अवगत कराया संभागायुक्त को

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। इस्कॉन इंदौर के अध्यक्ष स्वामी महामनदास, मंदिर से जुड़े अनिल भंडारी, शैलेन्द्र मित्तल एवं हरि अग्रवाल ने संभागायुक्त दीपक सिंह से उनके कार्यालय पहुंचकर मुलाकात की तथा निपानिया स्थित इस्कॉन मंदिर पर चल रहे विभिन्न निर्माण एवं विकास कार्यों तथा नए मंदिर का ब्योरा देते हुए उनका सम्मान भी किया। संभागायुक्त श्री सिंह ने मंदिर के आसपास के स्थान को विकसित करने का विश्वास दिलाते हुए कहा कि आप विस्तृत प्रस्ताव बनाकर भिजवा दीजिए तो शासन को भेजकर स्वीकृत कराने का प्रयास अवश्य करेंगे।

## देवकर्म एच्छिक हो सकते हैं, पितृ कर्म तो अनिवार्य ही हैं

### तर्पण अनुष्ठान में प्रतिदिन पहुंच रहे 400 से अधिक साधक

इंदौर। तर्पण हमारे सोलह संस्कारों में से एक महत्वपूर्ण शास्त्रोक्त अनुष्ठान है, जिससे काल सर्पदोष, पितृदोष एवं जन्म कुंडली के ग्रहों के दोष भी नष्ट हो सकते हैं। हमारी संस्कृति में दीपावली, नवरात्रि, गणेश उत्सव एवं श्राद्ध पक्ष जैसे उत्सवों का प्रावधान इसीलिए है कि हम अपने देवी-देवताओं और पितरों को प्रसन्न रख सकें। देव कर्म एच्छिक हो सकते हैं, लेकिन पितृ कर्म तो अनिवार्य ही होते हैं। ये केवल श्राद्ध पक्ष में नहीं, बल्कि हर दिन भी करें तो इससे पितरों और पूर्वजों को प्रसन्नता भी मिलेगी और हमारे पुण्य का बैलेंस भी बढ़ेगा। एयरपोर्ट रोड, पीलियाखाल स्थित प्राचीन हंसदास मठ पर श्रद्धा सुमन सेवा समिति की मेजबानी में चल रहे श्राद्ध पर्व में सोमवार को भागवताचार्य पं. पवन तिवारी ने ने उक्त प्रेरक विचार व्यक्त किए। हंसदास मठ के युवराज महामंडलेश्वर पं. पवनदास महाराज के सानिध्य में साधकों अनुष्ठान का शुभारंभ भगवान हरि विष्णु के पूजन के साथ हुआ। पं. पवन तिवारी ने दिवंगत पूर्वजों, और गोमाता के लिए भी मोक्ष की कामना के साथ विश्व शांति एवं जन मंगल के लिए अनुष्ठान कराए। तर्पण में आज भी 400 से अधिक साधकों ने भाग लिया। प्रारंभ में समिति के अध्यक्ष हरि अग्रवाल, उपाध्यक्ष राजेन्द्र सोनी, महासचिव डॉ. चेतन सेठिया, राजेन्द्र गर्ग, शंकरलाल वर्मा, माणकचंद पोरवाल, विनय जैन, जगमोहन वर्मा आदि ने पं. तिवारी एवं पं. पवनदास महाराज का स्वागत किया।

## मंत्री सिलावट बोले- संविधान और आरक्षण विरोधी है कांग्रेस

इंदौर। कांग्रेस के नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के बयानों को लेकर बीजेपी लगातार कांग्रेस को घेरने में लगी है। सोमवार को इंदौर में मंत्री तुलसीराम सिलावट ने राहुल गांधी पर निशाना साधा। कहा राहुल गांधी और पूरी कांग्रेस पार्टी संविधान विरोधी है। यह पार्टी आरक्षण और डॉ. अंबेडकर विरोधी भी है। सिलावट ने कहा कि राहुल गांधी ने अपनी हालिया अमेरिकी यात्रा के दौरान कहा है कि वह 'आरक्षण हटा देंगे'। ये वही धुन है जो राहुल गांधी का परिवार नेहरु के जमाने से गाता आ रहा है। कांग्रेस पार्टी ने 57 वर्षों तक देश पर शासन किया, लेकिन इस दौरान उसने अपने राजनीतिक उद्देश्यों को साधने के लिए संवैधानिक प्रक्रियाओं का दुरुपयोग किया और सामाजिक उद्देश्यों की उपेक्षा की। कांग्रेस ने कभी भी संविधान के मूलभूत आरक्षण सिद्धांतों को सही भावना और रूप में लागू करने की राजनीतिक इच्छाशक्ति नहीं दिखाई। कन्फेक्शनरी कारोबारी संजय जैसवानी को बचाने के आरोप को लेकर पूछे गए सवाल के जवाब में मंत्री सिलावट ने कहा कि ह्न्याय से बड़ा कोई नहीं है, जो दोषी है उसे सजा जरूर मिलेगी। देश में संविधान है, कानून है और देश संविधान, कानून से चलता है, जो भी दोषी हो उस पर कड़ी कार्रवाई होगी।

## विवाह भारतीय संस्कृति का सबसे श्रेष्ठ संस्कार, जो परिवार और समाज को मर्यादित बनाता है

### ज्ञान यज्ञ में धूमधाम से मना कृष्ण-रूक्मणी विवाह का उत्सव – आज कृष्ण-सुदामा मिलन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। कृष्ण और रूक्मणी का विवाह हमारी संस्कृति को बांधकर रखता है। विवाह भी सोलह संस्कारों में सबसे श्रेष्ठ संस्कार माना गया है, जो हमारी भारतीय संस्कृति का सबसे श्रेष्ठ संस्कार है यह परिवार और समाज को मर्यादित बनाए हुए है। पूरब और पश्चिम का यही मुख्य अंतर है कि हम संस्कृति में जीते हैं और पश्चिम में विकृति को ही संस्कृति मान लिया गया है।**

ये दिव्य विचार हैं भागवताचार्य पं. आयुष्य दाधिच के, जो उन्होंने सोमवार को उषानगर स्थित उषाराजे परिसर में श्रीनागर चित्तौड़ा महाजन वैश्य समाज द्वारा आयोजित श्रीमद भागवत ज्ञान यज्ञ में कृष्ण-रुक्मणी विवाह प्रसंग के दौरान किए। कथा में आज विवाह का जीवंत उत्सव धूमधाम से मनाया गया। कृष्ण और रुक्मणी ने एक-दूसरे को वरमाला पहनाई तो महिलाओं द्वारा बधाई गीतों के बीच भगवान के जयघोष से समूचा सभागृह गूंज उठा। इसके पूर्व वर-वधू पक्ष के मेहमानों ने एक-दूसरे का सम्मान और स्वागत भी किया। समन्वयक धर्मेन्द्र गुप्ता ने बताया कि कथा शुभारंभ के पूर्व समाजसेवी प्रेमप्रकाश गुप्ता, श्याम मेहता, रमेशचंद्र मेहता, दिलीप हेतावल, अशोक हेतावल, सुभाष वाणी, राहुल गुप्ता, अनिल गुप्ता, विपिन महाजन, दिलीप गुप्ता, अशोक गुप्ता ने व्यासपीठ का पूजन किया। विद्वान वक्ता की अगवानी जितेन्द्र हेतावल, अशोक हेतावल, दुर्गेश गुप्ता उदयनगर, वैश्य महासम्मेलन सोनकच्छ की महिला अध्यक्ष श्रीमती संतोष गुप्ता ने की। आज महिलाओं ने ड्रेस कोड का पालन करते हुए साड़ी –लहंगा तथा पुरुषों ने श्वेत परिधान में अपनी मौजूदगी दर्ज कराई। संगीतमय कथा का समापन मंगलवार, 24 सितम्बर को दोपहर में 2 से 6 बजे तक कृष्ण-सुदामा मिलन प्रसंग के बाद होगा। बुधवार, 25 सितम्बर को यज्ञ, हवन के साथ पूर्णाहुति होगी।

# सरपंच के भाई के खिलाफ देपालपुर प्रेस क्लब ने दिया मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन

### सोशल मीडिया पर पत्रकार के खिलाफ लिखे थे अपशब्द

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

देपालपुर। मामला ग्राम पंचायत आगरा का देपालपुर प्रेस क्लब द्वारा लगातार भ्रष्टाचार को उजागर करने के लिए खबरें प्रकाशित की लेकिन सच्चाई की कलम को दबाने के लिए सरपंच के भाई डॉक्टर अशोक छाड़िया ने पत्रकारों के खिलाफ सोशल मीडिया पर अपशब्द लिख डाला और पैसे मागाने का आरोप भी लगा दिया ग्राम पंचायत आगरा में गंदगी का साम्राज्य लगा रहता था एवं यात्री प्रतीक्षालय पर सब्जियों की दुकान लग रही है इस मामले को पत्रकार ने खबर प्रकाशित की थीं लेकिन सरपंच का भाई बौखला गया और पत्रकारों के खिलाफ सोशल मीडिया पर 3 से 4 बार अपशब्द की पोस्ट डाल दी गई देपालपुर प्रेस क्लब के अध्यक्ष ने मामले को तत्काल संज्ञान में लेते हुए देपालपुर प्रेस क्लब ने मुख्यमंत्री के नाम देपालपुर एसडीएम को ज्ञापन दिया वहीं सरपंच का भाई डॉक्टर है जो की मुरखेडा गांव में क्लीनिक चलाता है लेकिन प्राप्त जानकारी के अनुसार उसके पास ना तो



कोई डिग्री है ना कोई परमिशन इस मामले में देपालपुर बीएमओ को ज्ञापन भी दिया गया है और कार्रवाई की मांग की गई है पूर्व में भी डॉ अशोक छाडीया का एक बार क्लीनिक सील हो चुका है।

इस मामले में देपालपुर ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर ने डॉक्टर को तत्काल नोटिस जारी कर दिया है कार्यवाही के लिए निर्देश दिए है। पत्रकारों में रोष व्याप्त है और इस मामले में जल्द से जल्द कार्यवाही की मांग की गई है ज्ञापन में मुख्य रूप से उपस्थित देपालपुर प्रेस क्लब के अध्यक्ष रमेश चंद्र राठौर, अजय जैन,श्रीराम बरोड़, कुतुबुद्दीन भाई खुशबू फ्रोटो निलेश चौहान राकेश पाटीदार, शांतिलाल पाटीदार, दीपक सेन, सोमली मेहता थे।

# बहू से दहेज में मांगे 50 लाख

### गुजरात के परिवार ने सताया, केस दर्ज

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। छत्रीपुरा में सोमवार को एक नवविवाहिता युवती ने अपने भरूच गुजरात में रहने वाले अपने पति और ससुर पर 50 लाख रूपए दहेज मांगने के मामले में केस दर्ज कराया है। युवती का आरोप है कि वह गुजरात में बड़ा घर लेना चाहते है। इसलिए इस तरह की डिमांड कर रहे है। युवती ने आरोप भी लगाया कि संस्कारी बहू नही होने के ताने देते हुए ससुर उसे परेशान करते है।

पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक माधुरी की शिकायत पर पुलिस ने उसके पति रूशांग परेश और ससुर जयेश पारेख निवासी लालभाई,लल्लूभाई चकला भरूच तालिका गुजरात के खिलाफ 50 लाख दहेज मांगने और प्रताडित करने का आरोप लगाया है। माधुरी ने पुलिस को बताया कि 13 फरवरी 2024 को उसकी शादी हुई है। दोनो गोवा में घूमने गए। 6 मार्च को उनका वापस आना हुआ। इसके बाद ससुराल भरूच में थी। ससुर जयेश भाई ने इस दौरान कहां कि तुम्हे कुछ आता नही है। तुम्हारे मां बाप ने कोई संस्कार नही दिए। ना ही माता पिता ने ठीक से दहेज दिया। इस बात की शिकायत पति रूशांग से करती तो वह ससुर का साथ ही देते। कहते की गुजरात का रिवाज ऐसा ही यहां ऐसे ही रहना पड़ेगा। पति छोटी छोटी बात को लेकर अपशब्द कहने लगे। प्रताडित करने लगे। कुछ दिन बाद ससुर ने कहां कि हमारे साथ रहना है तो सूरत या बडौदा में मकान खरीदने को लेकर घर से 50 लाख की व्यवस्था कराओ। वरना अपने मायके चले जाओ। इसके बाद इंदौर भेज दिया। इसके बाद ना ही कॉल किया ओर ना ही लेने आ रहे है। कुछ दिन बाद पापा के मोबाइल पर ससुर जयेश पारेख का कॉल आया कि रूपए की व्यवस्था हो जाए तो माधुरी को भेज देना नही तो तलाक के पेपर तैयार रखना। ससुर और पति ने दहेज का पूरा सामान भी अपने पास रख लिया है। जो वह वापस नही कर रहे। पुलिस अब इस मामले में कारवाई कर रही है।

# नाबालिग को अगवा करने की कोशिश

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। संयोगितागंज पुलिस ने फुटपाथ पर रहने वाले परिवार की रिपोर्ट पर ई रिक्शा (एमपी 09 डीडी 4077) के चालक के खिलाफ अपहरण का केस दर्ज किया है। परिवार ने पुलिस को बताया कि बड़े अस्पताल के यूनिक डाइग्नोसिस्ट सेंटर के पास से उनकी दस साल की बेटी को ई रिक्शा का चालक गाड़ी में बैठाने लगा। उसने शोर मचाया तो पीछे आ रहे उसके पिता ने ललकारा और लोगों से मदद मांगी। ये देखकर बेटी को ड्राइवर वहीं छोडकर भाग गया। पिता ने गाड़ी नंबर देख लिया था। संयोगितागंज पुलिस को घटना बताई उन्होंने केस दर्ज कर रिक्शा चालक का पता लगा लिया है। उसे हिरासत में ले लिया गया है।

# चोरल नदी में दिखी लाश

### ग्रामीणों ने पुलिस को दी सूचना; थाना प्रभारी बोले- तेज बहाव में बह कर आई, जांच जारी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। सिमरोल थाना क्षेत्र में आने वाले पर्यटक स्थल चोरल नदी में सोमवार को एक बहती हुई लाश मिलने की खबर ने इलाके में सनसनी फैला दी है। स्थानीय लोगों द्वारा यह लाश नदी में देखी, जिसके बाद उन्होंने पुलिस को सूचना दी।

पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को नदी से बाहर निकाला और जांच शुरू की। फिलहाल मृतक की पहचान और मौत के कारणों का पता लगाने के लिए शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया है। सिमरोल पुलिस इस घटना को लेकर सभी संभावित एंगल से जांच कर रही है।

सिमरोल थाना प्रभारी अमीत कुमार ने बताया कि नदी में तेज बहाव के चलते लाश कहीं से बह कर आई है। क्योंकि रविवार रात हुई तेज बारिश के कारण नदी में बहाव बहुत अधिक था। प्रथम दृष्टिया शव को देखकर लग रहा है कि शव 2 दिन पुराना है। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया है। अभी तक शव की पहचान नहीं हो सकी है। मामले की जांच की जा रही है।

# छात्र नेता पर मारपीट का केस

### कॉलेज में वर्चस्व की लड़ाई पर हुआ विवाद

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। **राजेन्द्र नगर में कांग्रेस नेता अमन पटवारी और उसके साथियों पर मारपीट का केस दर्ज किया है। घटना आईपीएस कॉलेज के सामने की है। दोनों पक्षों के बीच वर्चस्व की लड़ाई को लेकर विवाद हुआ था। पुलिस ने दूसरे पक्ष की शिकायत पर भी क्रॉस एफआईआर दर्ज की है। अमन पटवारी कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी समर्थक छात्र नेता बताया जा रहा है।**

पुलिस के मुताबिक विशेष पुत्र रजनेश पटवारी निवासी बिजलपुर की शिकायत पर पुलिस ने अमन पटवारी, पकंज चौधरी, रोहित हारोड़ निवासी माली चौकी बिजलपुर पर मारपीट का केस दर्ज किया है। विशेष पटवारी ने पुलिस को बताया कि वह आईपीएस कॉलेज में पढ़ाई करता है।

उसके पास सोमवार को अमन पटवारी का कॉल आया और लोकेशन पूछी। अमन अपने साथियों के साथ आया और गालियां देकर मारपीट करने लगा। अमन ने पंकज की कार से डंडा निकाला और उससे पीटने लगा। तीनों जान से मारने की धमकी देकर भाग गए।

दूसरी ओर रोहित ने वीरेन्द्र रघुवंशी, विशेष पटवारी और उज्वल पटेल पर मारपीट का केस दर्ज किया है। रोहित ने बताया कि वह आईपीएस कॉलेज में एडमिशन के लिये गया। वहां वीरेन्द्र रघुवंशी अमन पटवारी से मारपीट कर रहा था। वीरेन्द्र को दूर करने की कोशिश की। इस दौरान विशेष ने डंडे से मारपीट की। पंकज इस दौरान बचाव करने लगा तो विशेष ने उसे भी डंडे से मारा और धमकी देकर भाग गए। मौके पर मौजूद दूसरे छात्रों ने हमारा बचाव किया।

# पुलिस ने भटके मासूम को घर पहुंचाया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। रास्ता भटके मासूम बालक को पुलिस ने उसके घर तक पहुंचाया। दरअसल शीतलनगर में रहने वाला 9 साल का बच्चा सिटी बस में बैठकर चिड़ियाघर आ गया। वह रास्ता भटक गया घंटों तक घूमता रहा,इसकी सूचना संयोगितागंज टीआई सतीश पटेल को इसकी सूचना मिली उसके बाद पुलिस टीम ने घंटों की मशक्कत कर उसके घर का पता लगाया और बच्चे को परिजनों के हवाले किया।

टीआई पटेल ने बताया कि शीतलनगर में रहने वाला बच्चा सिटी बस में बैठकर नवलखा के चिड़ियाघर पहुंच गया था। वह वहां आकर घर का रास्ता भटक गया। उसके बाद रोते हुए काफी देर तक चिड़ियाघर के आसपास घूमता रहा। एक राहगीर ने पुलिस को बच्चे के बारे में सूचना दी। बच्चे से पूछताछ की गई तो वह अपना नाम बताने के अलावा कुछ भी नहीं बता पा रहा था। उसके बाद उसकी काउंसलिंग की गई तो उसने सिटी बस में आने की बात कही। पुलिस टीम ने सिटी बस का रुट जाना और उसे लेकर रेडिसन होटल के आसपास पहुंची। तब बच्चे को अपना घर याद आया। उसके बाद वह पुलिस टीम के साथ अपने घर तक पहुंचा। गायब बच्चे को सुरक्षित पाकर उसके परिजन बेहद खुश हो गए। परिजनों का कहना था कि ये खेलते-खेलते ही गायब हो गया था और हम लोग कई घंटों से इसे तलाश रहे थे।

# शराबी ने पुलिसवालों से किया विवाद

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। **एक शराबी ने पुलिसवालों से विवाद किया और मारपीट पर उतर आया। दरअसल वह महिला पर शराब की खाली बोतल फेंक रहा था। रोका तो विवाद करने लगा। उस पर शासकीय कार्य में बाधा डालने को लेकर कार्रवाई की है।**

मामला परदेशीपुरा थाना थाना क्षेत्र का है। टीआई पकंज द्विवेदी के मुताबिक आरक्षक नीलम सिंह की शिकायत पर पुलिस ने हेमंत उर्फ राहुल पुत्र पुरुषोत्तम गुर्जर, निवासी अयोध्या नगरी, जनता क्वार्टर के खिलाफ 121(1), 132, 296, &51(2) की धाराओं में केस दर्ज किया है। पुलिस का आरोप है कि हेमंत ने शराब पीकर हंगामा किया। ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मी के साथ मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। नीलम सिंह ने अपनी शिकायत में बताया है कि उनकी आरक्षक ऋषभ के साथ रात 12 बजे से 6 बजे तक बीट में ड्यूटी थी। दोनों रात में करीब 1.45 बजे गश्त करते हुए तुलसी कॉम्पलेक्स में पहुंचे।

### तुम मेरा क्या कर लोगे

यहां पर शराब के नशे में एक व्यक्ति ने शराब की खाली बोतल एक महिला के पीछे सडक पर फेंकी। नीलम सिंह ने उसे देखा और साथी आरक्षक के साथ उसके पास पहुंचकर उससे बात की, तब पुलिस की वर्दी में देखकर युवक ने कहा कि तुम मेरा क्या कर लोगे। मौके पर मौजूद लोगों ने भी जब उसे कहा तो वह दोनों आरक्षों से अपशब्दों का इस्तेमाल करने लगा। उसे हिदायत दी तो युवक कहने लगा कि दोनों की वर्दी उतरवा दूंगा।

### जमकर की खातिरदारी

फिर उसने नीलमसिंह के सीने पर मुक्का मार दिया और कॉलर पकडकर झूमा-झटकी की। इसके बाद ऋषभ ने पकड़ा तो उसके साथ हुज्जत की। तब वायरलेस पर पाइंट देकर एफआरवी को मौके पर बुलाया गया। यहां गाड़ी से उसे थाने लेकर आया गया। थाने पर नाम पता पूछने पर उसने अपना नाम हेमंत होने की जानकारी दी। यहां पुलिस ने जमकर उसकी खातिरदारी की है।

# पुलिस ने चलाया चेकिंग अभियान

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। रविवार रात जोन 2 के अंतर्गत 9:30 बजे से रात 1:00 बजे तक विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया की अभियान में ड्रग कैटलॉग की चेकिंग तथा ड्रंक एंड ड्राइव के कैसे तैयार किए गए अभियान में सभी थानों में एक साथ कार्रवाई की गई तथा 34 दोपहिया एवं चार पहिया वाहनों को शराब पीकर वाहन चलाने के अंतर्गत मोटर व्हीकल एक्ट 185 के तहत बानो को जप्त कर कार्रवाई की।

# डूबने से हुई मासूम की मौत, ठेकेदार पर केस

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। डेढ़ साल के मासूम बालक की पानी में डूबने से हुई मौत के मामले में पुलिस ने जांच के बाद ठेकेदार पर केस दर्ज किया है। मामला लसूडिया इलाके की द एड्रेस टाउनशिप की बिल्डिंग का है। 3 सितंबर की शाम को शिवालिक इंटरप्राइजेस की बिल्डिंग के लिफ्ट के गड्ढे में मजदूर के बच्चे रियांश पटेल निवासी भगवानपुरा खंडवा की मौत हो गई थी। लिफ्ट के गड्ढे में पानी भरा था आसपास सुरक्षा के इंतजाम भी नहीं थे। मामले की जांच लसूडिया थानेदार मुकेश झारिया को जांच सौंपी थी बीस दिन बाद ठेकेदार सुनील सोलंकी निवासी लसूडिया मोरी के खिलाफ लापरवाही से मौत होने का केस दर्ज किया है। पुलिस का कहना है कि ठेकेदार की गलती थी। वहां उसने सुरक्षा के इंतजाम नहीं किए थे जबकि परिवार का आरोप था कि मालिक को भी जिम्मेदारी निभाना थी।

# भाजपा के सदस्यता अभियान में आउटसोर्स कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई

## कांग्रेस ने लगाया आरोप, कहा- परेशान हो रही है आम जनता

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन**। भाजपा द्वारा चलाये जा रहे सदस्यता अभियान में नगर निगम में तैनात आउटसोर्स कर्मचारियों की ड्यूटी लगा दी गई। सभी 6 जोन कार्यालयों, निगम मुख्यालय से सभी आउटसोर्स कर्मचारियों को भाजपा के सदस्यता अभियान में लगा दिया गया। आम जनता के हितों के लिए तैनात कर्मचारी आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के साथ भाजपा के सदस्य बनाने में लगे। ये आरोप विधायक महेश परमार और नगर निगम के नेता प्रतिपक्ष और रवि राय ने लगाए है। उन्होंने सोमवार को एक वीडियो भी जारी किया जिसमें निगम के कर्मचारी अपनी जगह से गायब रहे।

विधायक महेश परमार, शहर कांग्रेस के अध्यक्ष मुकेश भाटी, नेता प्रति पक्ष रवि राय ने भारतीय जनता पार्टी की आलोचना करते हुए कहा कि क्या नगर में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता कम पड़ गए हैं, क्या भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता के कहने पर नगर के नागरिक भाजपा के सदस्य नहीं बन रहे हैं जो अब शासकीय मशीनरी को उतारा गया है।

आम नागरिकों को जो किसी राजनीति से वास्ता नहीं रखना चाहते हैं वह किसी विवाद में पडन्ना नहीं चाहते हैं उन्हें जबरन भारतीय जनता पार्टी का सदस्य बनाने का कार्य शहर में किया जा रहा है। इसकी सूचना लगने पर नगर निगम में पार्षदों के साथ नगर निगम के विभागों का निरीक्षण किया यहां आउटसोर्स कर्मचारी सभी जगह करीब 350 कर्मचारी अनुपस्थित पाए गए।

आम नागरिक हितग्राही कई घंटे से नगर निगम में अपने काम कराने की प्रतीक्षा कर रहे थे लेकिन स्टाफ नहीं होने के कारण कोई काम नहीं हो पाया। विधायक महेश परमार ने बताया कि भाजपा द्वारा स्वार्थ के लिए आम जनता से किये जा रहे धोखे और बोले जा रहे झूठ पर कड़ा आक्रोश व्यक्त किया।

कांग्रेस पार्टी ने इसका विरोध करते हुए अपने सभी ब्लॉक कांग्रेस के अध्यक्ष को निर्देश भी दिये कि वह सभी आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के क्षेत्र में जाकर देखें की कौन-कौन से कर्मचारी, आउटसोर्स कर्मचारी भारतीय जनता पार्टी के सदस्यता अभियान में लगे हैं। उनके फोटो और वीडियो बनाकर के उनके फोटो और कांग्रेस पार्टी कार्यालय में जमा कराये।

# गाय-बैल की शादी; मेहंदी, फेरे, रिसेप्शन भी हुआ

## बारात में डीजे पर नाचे बाराती; मांग भरने, मंगलसूत्र पहनाने की रस्म भी हुई



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन**। श्राद्ध पक्ष में वैसे तो कोई शुभ कार्य नहीं किया जाता, लेकिन धार्मिक मान्यताओं के आधार पर उज्जैन में गाय - बैल की शादी हुई। दूल्हा बैल, दुल्हन गाय थी। शादी में मेहंदी, बारात, फेरे और मांग भरने से लेकर मंगलसूत्र पहनाने की रस्म भी हुई। रिसेप्शन भी हुआ।

यह अनोखा विवाह रविवार को शहर के विष्णुपुरा में तेजाजाी धाम मंदिर में हुआ। प्रोफेसर डॉक्टर भवानी शंकर शास्त्री शहर के चारधाम मंदिर के पास कॉलेज में पदस्थ हैं। उन्होंने बताया कि वे विष्णु पुराण और हिंदू मान्यताओं के दूसरे धार्मिक ग्रंथ पढ़ते रहते हैं। धार्मिक ग्रंथों से ज्ञात हुआ कि श्राद्ध पक्ष में गाय और बैल की शादी कराने से प्रेत योनि से मुक्त होकर 10 पीढ़ी आगे और 10 पीढ़ी पीछे तक को स्वर्ग मिलता है। इसी कारण विवाह का आयोजन कराया। उन्होंने बताया कि आम शादी में जो कार्यक्रम - परंपराएं होती हैं, सभी सुबह से लेकर शाम तक एक ही दिन में किए गए। शाम को बैल (तेजा) और गाय (पेमल रानी) के फेरे कराए गए। मंदिर में ही रिसेप्शन हुआ।

### डीजे और बैंड - बाजे के साथ निकली बारात

मेहंदी के साथ बैल और गाय को तेल चढ़ाया गया। इसके बाद ढोल और डीजे के साथ तेजा की बारात निकली। बाराती डीजे पर नाचते-गाते गाय के माता-पिता बने शुक्ला परिवार के घर पहुंचे। बाकायदा बारातियों को स्वागत - सत्कार किया गया। तेजाजी मंदिर में शाम को विवाह हुआ। हिंदू रीति के अनुसार सात फेरे, पग पूजन, कन्यादान हुआ। मंगलसूत्र पहनाने और मांग भरने की रस्में भी हुईं।

# व्यापमं केस में सीबीआई और मप्र सरकार को नोटिस

## पारस सकलेचा ने सुप्रीम कोर्ट में दायर की थी याचिका

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल**। बहुचर्चित व्यापमं घोटाले में सुप्रीम कोर्ट ने सीबीआई और मप्र सरकार को नोटिस जारी किया है। सोमवार को सुप्रीम कोर्ट में पूर्व विधायक और व्यापमं कांड के व्हिसिल ब्लोअर पारस सकलेचा की याचिका पर सुनवाई के बाद कोर्ट ने नोटिस जारी किया है।

जुलाई 2009 में व्यापम घोटाला शासन के संज्ञान में आया था। 17 दिसंबर 2009 को इस मामले की जांच कमेटी गठित करने के बाद भी 2010 से 2013 तक घोटाला होने पर जिम्मेदारों से पूछताछ कराने के लिए पूर्व विधायक पारस सकलेचा ने याचिका लगाई थी। इस याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में न्यायाधीश संजीव खन्ना तथा? न्यायाधीश संजय कुमार ने सुनवाई करते हुए शासन और सीबीआई को नोटिस जारी करने का आदेश दिया है।

**इंदौर हाईकोर्ट से खारिज हो गई थी याचिका-** पूर्व विधायक पारस सकलेचा ने बताया कि इस मामले को लेकर उच्च न्यायालय की इंदौर खंडपीठ में पिटीशन लगाई थी। सकलेचा का कहना है कि उन्होंने स्ज्जस्न को? 11 दिसंबर 2014 को दस्तावेज सहित 350 पेज के आवेदन पर कार्यवाही की मांग की थी । जिसे बीते 19 अप्रैल 2024 को उच्च न्यायालय इंदौर ने निरस्त कर दिया था।

सकलेचा ने इस मामले को लेकर सुप्रीम कोर्ट में पिटीशन दायर की, जिस पर सुप्रीम कोर्ट ने शासन को नोटिस जारी किया। सुप्रीम कोर्ट में सकलेचा की ओर राज्यसभा सांसद और सीनियर एडवोकेट विवेक तन्खा और ऋतम खरे ने बहस की।

**सकलेचा बोले- बयानों के बाद भी नहीं हुई कार्रवाई-** सकलेचा ने अपने आवेदन में कहा कि एसटीएफ द्वारा 27 नंबर 2014 को विज्ञप्ति क्रमांक 21503/14 जारी कर व्यापमं की जांच में बिंदु शामिल करने हेतु दस्तावेज सहित आवेदन आमंत्रित किए जाने पर उन्होंने 11 दिसंबर 2014 को दस्तावेज सहित 350 पेज का आवेदन दिया था । एसटीएफ को 12 जून 2015 को मौखिक साक्ष्य के अलावा 71 पेज का लिखित बयान और 240 पेज के दस्तावेज दिये।

11 से 13 सितंबर 2019 को एसटीएफ में पुनः 13 घंटे तक बयान देने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं की । सीबीआई में अक्टूबर 2016 में बयान देने के बाद आवेदन को मुख्य सचिव मध्य प्रदेश शासन को कार्यवाही करने हेतु भेजा , जिस पर भी आज तक कोई कार्रवाई नहीं की गई ।

# सड़कों पर उतरे किसान, प्रशासन को झुकना पड़ा

## टिकैत की चेतावनी के बाद हटाए बैरिकेड्स, मंडी परिसर में की सभा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**नर्मदापुरम**। नर्मदापुरम जिले के सिवनी मालवा में भारतीय किसान यूनियन ने सोमवार को ट्रैक्टर रैली निकाली। उनकी मांग है कि सोयाबीन, धान और गेहूं का समर्थन मूल्य बढ़ाया जाए। सभास्थल की अनुमति को लेकर किसानों के आगे प्रशासन को झुकना पड़ा। भीड़ और किसान नेता राकेश टिकैत की मांग पर मंडी का मेन गेट खोल दिया गया। किसान और कार्यकर्ता मंडी परिसर के अंदर आ गए। जहां किसान नेता राकेश टिकैत की मौजूदगी में सभा की गई। इससे पहले, प्रशासन ने यूनियन को 500 ट्रैक्टर की रैली निकालने की अनुमति तो दी, लेकिन अनाज मंडी परिसर में सभा की परमिशन नहीं दी थी।

मंडी परिसर में मंच से किसान नेता राकेश टिकैत ने कहा कि इस मंच पर राजनीतिक आदमी नहीं आएगा। ना ही उसे माइक दिया जाएगा। टिकैत ने कहा कि मंडी हमारा घर है। आप यहां हमेशा अपनी बैठक करो। किसानों को मंडी में आने से कौन रोक सकता है। प्रशासन अपने घर आने से रोक रहा था, पर हमारी भी जिद थी, घर आने की। भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत मंडी परिसर में सभा के लिए अड़े थे। प्रशासन ने मंडी ब्रिज के पास डायवर्सन रोड पर सभा करने का सुझाव दिया था। टिकैत ने कहा था- 'अनुमति देने वाला प्रशासन कौन होता है। आयोजन मंडी में ही होगा। प्रशासन किसानों की आवाज को दबाने में लगा है।' इसके बाद मंडी परिसर के बाहर भारी पुलिस बल तैनात कर दिया गया।

# चरवाहे पर बाघ ने किया हमला

## जिन गायों को चराने ले गया था, उन्हीं ने बाघ को खदेड़कर बचाई जान

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**शहडोल**। शहडोल में एक चरवाहे पर बाघ ने हमला कर दिया है। चरवाहे का नाम राम प्रताप यादव है। बाघ ने राम प्रताप यादव के हाथ और गर्दन पर अपने पंजे से हमला किया। यह घटना सोमवार की शाम ब्यौहारी वन परिक्षेत्र के प्लांटेशन के पास हुई। मौके पर मौजूद लोगों ने बताया कि इससे पहले कि बाघ राम प्रताप यादव की जान ले पाता, वह मदद के लिए चिल्लाने लगा। राम प्रताप यादव की आवाज सुनकर गायें दौड़ पड़ीं। गायों को दौड़ते देख बाघ डरकर भाग गया। जिस कारण राम प्रताप यादव की जान बच गई। घायल का इलाज ब्यौहारी के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चल रहा है। प्रत्यक्षदर्शी रमेश ने बताया कि बाघ के हमले को देख गाय विचलित होने लगीं। जैसे ही राम प्रताप बचाव के लिए आवाज देने लगा तो वहां मौजूद गायें मिलकर बाघ की तरफ दौड़ी। जिसके बाद मौके से भाग गया। घायल अवस्था में उसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# बदला लेने के लिए कॉलेज छात्रा से गैंगरेप

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**रीवा**। रीवा में कॉलेज छात्रा को बंधक बनाकर गैंगरेप का मामला सामने आया है। छात्रा का मुंह दबाकर आरोपी उसे झाडियों में खींच ले गया। बाल पकडक़र घसीटा। उसके साथ दुष्कर्म किया। दोस्त से भी रेप कराया। सोमवार को एफआईआर के बाद पुलिस ने मुख्य आरोपी किशन कोल और उसके दोस्त संतलाल कोल को गिरफ्तार कर लिया है।

घटना रविवार की है। छात्रा से बदला लेने के लिए आरोपी ने उसके साथ दरिंदगी की। दरअसल, घटना से कुछ दिन पहले आरोपी की बाइक से कीचड़ उछलने पर छात्रा ने उसे देखकर चलने के लिए कहा था। आरोपी ने यह बात मन में रख ली थी। छात्रा अतरैला थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली है। आरोपी किशन कोल उसके पास के ही गांव का है।

छात्रा, आरोपियों को नाम - पते से नहीं जानती थी। गांव से कॉलेज आते-जाते वक्त दोनों रास्ते में खड़े रहते थे। छात्रा के बताए हुलिए के बाद पुलिस ने संदिग्धों को राउंडअप किया था। शिनाख्त के बाद किशन को पकड़ा गया।

**पोर्न वीडियो का डर बताकर ढाई करोड़ का फ्रॉड**

# उज्जैन के रिटायर्ड अफसर को कॉल करके डराया, खुद को सीबीआई अफसर बताया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन**। उज्जैन में 76 साल के एक रिटायर्ड अफसर से डिजिटल अरेस्ट कर ढाई करोड़ रुपए के फ्रॉड का मामला सामने आया है। आरोपियों ने बुजुर्ग को पोर्न वीडियो और मनी लॉन्ड्रिंग के केस में फंसाने की धमकी दी। फिर अपने खाते में रुपए ट्रांसफर करा लिए।

पुलिस के मुताबिक, उज्जैन की मंगल कॉलोनी में रविंद्र कुलकर्णी अपने परिवार के साथ रहते हैं। वह हिन्दुस्तान कॉपर लिमिटेड से मैनेजर के पद से रिटायर्ड हैं। उनके दो बेटे हैं। एक बेटा विदेश में और दूसरा बेटा दिल्ली में रहता है। रविंद्र ने 20 सितंबर को माधव नगर थाने में फ्रॉड की शिकायत की थी। रविवार रात पुलिस ने केस दर्ज किया।

**जेल और 5 लाख जुर्माने की धमकी दी-** रविंद्र ने पुलिस को बताया कि 10 सितंबर को उनके मोबाइल पर कॉल आया। कॉलर ने खुद को सीबीआई अफसर बताया कि आपके खिलाफ मुंबई के तिलकनगर थाने में पोर्न वीडियो के संबंध में केस दर्ज है। इससे कुलकर्णी इससे परेशान हो गए। इस बारे में किसी से जिक्र करते, इससे पहले एक और कॉल आया। कॉलर ने अपना नाम हेमराज कोली बताया। उसने खुद को मुंबई के अंधेरी थाने का एसआई बताया। कॉलर ने कहा- मनी लॉड्रिंग और पोर्न वीडियो के संबंध में आपका नाम आया है। इसमें तीन साल की जेल और 5 लाख तक का जुर्माना हो सकता है।

सीएसपी दीपिका शिंदे ने बताया कि बुजुर्ग दंपती के बताए अनुसार बैंक से जानकारी निकाली। पता चला है कि चार अलग-अलग राज्यों के खातों पैसा ट्रांसफर किया गया है। इनमें एसबीआई और आईसीआईसीआई के खाते हैं। एक ही दिन में इन्हीं खातों से तीन करोड़ रुपए का ट्रांजेक्शन किया गया है।

## संपादकीय

# दिखी प्रशासन की नाकामी

बिहार के नवादा जिले में नरौरा के पास स्थित कृष्णा नगर की एक बस्ती में जिस तरह की अराजकता और आगजनी की घटना सामने आई है, उससे एक बार फिर यह सवाल उठा है कि राज्य में सुशासन के कथित दावे की हकीकत आखिर क्या है! वहां जिस बस्ती पर एक भीड़ ने हमला कर कम से कम इक्कीस घरों को आग के हवाले कर दिया, वे दलित परिवारों के थे। घटना के बाद पुलिस की शुरुआती रपट में वहां के जिन दो पक्षों के बीच आपस में जमीन पर कब्जे को लेकर हुई हिंसा का संकेत दिया गया है, वह आगे की जांच-पड़ताल और कार्रवाई से स्पष्ट होगा कि इसके जिम्मेदार कौन हैं। मगर ऐसे मामलों में आमतौर पर पुलिस और प्रशासन की ओर से तब तक अनदेखी की जाती रहती है, जब तक घटना तूल न पकड़ ले। इस घटना पर भी राजनीति शुरू हो गई है और आरोपियों को लेकर अलग-अलग दावे किए जा रहे हैं, मगर निश्चित रूप से यह राज्य में कानून का राज कमजोर होने का सबूत है। इतना तय है कि नवादा में घरों में आग लगाने और हिंसा करने की घटना कोई अचानक नहीं हुई होगी। विडंबना यह है कि जमीन पर कब्जे या दावे को लेकर दो पक्षों में जब तक छोटे-मोटे टकराव या बहसें होती रहती हैं, तब तक पुलिस या प्रशासन की ओर से कोई सुध नहीं ली जाती। मगर पुलिस की सक्रियता तब देखी जाती है, जब मामला आमतौर पर हाथ से निकल जाता है। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार अक्सर अतीत की सरकारों का हवाला देकर यही दावा करते रहते हैं कि उन्होंने राज्य को अराजकता की आग से बाहर निकाला है और उनके राज में सुशासन कायम हुआ है। अफसोस की बात यह है कि राज्य में आपराधिक घटनाओं में ऐसी कोई उल्लेखनीय कमी नहीं देखी जा रही जिससे वहां कानून का राज कायम होने का संकेत मिले। नवादा की घटना में शामिल लोगों के भीतर यह खौफ क्यों नहीं था कि पुलिस उन्हें ऐसा करने से रोक सकती है या उनके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई होगी?



isha

*सभी जीवन की जड़ मिट्टी में है। मिट्टी को बचाए बिना, जलवायु परिवर्तन, ग्लोबल वार्मिंग, और महासागर प्रदूषण जैसे मुद्दों का समाधन निकलने का कोई तरीका नहीं है।*

– जग्गी वासुदेव

## Health is Welth

# ये 5 आदतें बना देती हैं व्यक्ति को समय से पहले बूढ़ा, समय रहते सुधार लें

अकसर कहा जाता है कि आपके अच्छे बुरे होने का सबसे पहला असर आपके चेहरे पर पड़ता है। शायद ही कोई ऐसा व्यक्ति होगा जो समय से पहले चेहरे पर बढ़ती उम्र के असर को महसूस करना चाहता होगा। बावजूद इसके रोजमर्रा की कई ऐसी आदतें होती हैं, जो त्वचा की सेहत को प्रभावित करके व्यक्ति को समय से पहले बूढ़ा बना देती हैं। सेहत पर हुए कई अध्ययनों से पता चलता है कि सुस्त जीवनशैली जीने वाले लोगों की कोशिकाएं तेजी से बूढ़ी होती हैं, जिसकी वजह से वो 20 की उम्र में ही 30 के नजर आने लगते हैं। आइए जाते हैं 5 ऐसी आदतों के बारे में जो त्वचा के स्वास्थ्य को प्रभावित करके व्यक्ति को समय से पहले बूढ़ा बनाने लगती हैं।



## उम्र से पहले बूढ़ा बनाती हैं ये आदतें

### डिहाइड्रेशन

शरीर में पानी की कमी होने से भी त्वचा सुस्त और थकी हुई नजर आने लगती है। शरीर में पानी की कमी होने से त्वचा की क्षति को ठीक करने की क्षमता प्रभावित होती है। जिसकी वजह से त्वचा ढीली पड़ने लगती है और चेहरे पर झुर्रियां नजर आने लगती हैं।

### सनस्क्रीन नहीं लगाना

सूर्य की यूवी किरणें त्वचा को नुकसान पहुंचाकर उसे समय से पहले बूढ़ा बना सकती हैं। सूर्य की यूवी किरणें त्वचा में मौजूद कोलेजन और इलास्टिन फाइबर को नष्ट कर देती हैं। ये फ़ाइबर त्वचा को मज़बूत और लचीला बनाए रखते हैं। इनके नष्ट होने से त्वचा ढीली और झुर्रीदार हो जाती है। ऐसे में घर से बाहर धूप में सनस्क्रीन लगाए बिना निकलने से त्वचा पर काले घेरे, झुर्रियां और हाइपरपिग्मेंटेशन जैसी त्वचा संबंधी स्वास्थ्य समस्याएं पैदा हो सकती हैं।

### विटामिन सी की कमी

समय से पहले त्वचा बूढ़ी दिखने लगी है तो यह इस बात का भी संकेत हो सकता है कि आपके शरीर में विटामिन सी की कमी हो रही है। बता दें, विटामिन सी कोलेजन के विकास को तेज करके झुर्रियां कम करता है और त्वचा को चमक देता है।

### धूम्रपान

धूम्रपान करने से त्वचा में कोलेजन और इलास्टिन को नुकसान पहुंचता है। धूम्रपान करने से त्वचा को ऑक्सीडेटिव तनाव होता है, जिससे त्वचा में झुर्रियां, सूखापन, और रंगत फीकी पड़ जाती है।

### तनाव

ज्यादातर युवा 20 की उम्र में पढ़ाई, करियर, काम और रिश्तों के बढ़ते दबाव के कारण तनाव महसूस करने लगते हैं। यह तनाव आपकी त्वचा पर झुर्रियां लाने का कारण बन सकता है। दीर्घकालिक तनाव स्वास्थ्य को प्रभावित करके रक्त परिसंचरण को प्रभावित करता है, जिससे पूरे शरीर में ऑक्सीजन का प्रवाह प्रभावित होता है। परिणामस्वरूप, चेहरे पर काले घेरे, काले धब्बे, महीन रेखाएं और त्वचा पीली पड़ने लगती है।

### बचाव के उपाय


1. नियमित रूप से योगाभ्यास या वर्कआउट करें
2. 5 मिनट का फेस योगा करें
3. स्क्रीन समय सीमित करें
4. एसपीएफ़ 50 सनस्क्रीन लगाएं
5. हाइड्रेटेड रहें
6. पौष्टिक भोजन करें
7. फास्ट फूड और सोडायुक्त पेय पदार्थ खाने से बचें
8. धूम्रपान ना करें

## Gujrat

# 'ट्रेन पलटने की साजिश' का दावा निकला फर्जी, नाइट ड्यूटी और प्रमोशन के लिए खेल

**सूरत, (एजेंसी)** गुजरात में 'ट्रेन पलटने की साजिश' का खुलासा पूरी तरह फर्जी निकला। प्रमोशन, पुरुस्कार और नाइट ड्यूटी की चाहत में तीन रेलवे कर्मचारियों ने ही साजिश रची थी। उन्होंने हादसा टालने का दावा किया था। लेकिन जांच में चौंकाने वाला खुलासा होने पर तीनों को दबोच लिया गया।

सूरत के पुलिस अधीक्षक (एसपी) होतेश जॉयसर ने बताया कि गिरफ्तार कर्मचारियों की पहचान सुभाष पोद्दार (39), मनीष मिस्त्री (28) और शुभम जायसवाल (26) के रूप में हुई है, जो रेलवे के रखरखाव विभाग में ट्रैकमैन के पद पर तैनात हैं। पोद्दार और उसके साथियों ने कोसांबा और किम स्टेशन के बीच शनिवार सुबह 5.30



बजे पटरी की जांच के दौरान बड़ा दावा किया। उन्होंने ऊपर के अधिकारियों को सूचना दी कि 'शरारती तत्वों' ने ट्रेन को पटरी से उतारने के लिए एक तरफ की पटरी से इलास्टिक क्लिप और दो फिशप्लेट हटा दी है। उन्होंने इसका वीडियो भी रिकॉर्ड करके भेजा था।

पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) के तहत आपराधिक साजिश का केस दर्ज करके जांच शुरू की। पुलिस ने पाया कि जिस वक्त क्षतिग्रस्त पटरी का वीडियो भेजा गया उससे कुछ पल पहले ही वहां से एक ट्रेन गुजरी थी। पुलिस ने पाया कि छेड़छाड़ का पता चलने और ट्रेन के गुजरने के समय के बीच अंतर बहुत कम था। इतने कम समय में इलास्टिक क्लिप और फिशप्लेट को हटाए जाने के दावे पर पुलिस को शक हुआ।

## Rajasthan

# राजस्थान में युवक को पेड़ से बांधा, जूतों की माला पहनाई, फिर निर्वस्त्र कर बुरी तरह पीटा



**बारां, (एजेंसी)** राजस्थान के बारां सदर थाना क्षेत्र के बोरिना गांव में एक युवक को पेड़ से बांधकर गले में जूतों की माला पहनाकर मारपीट की गई. साथ ही युवक को निर्वस्त्र कर महिलाओं के कपड़े भी पहना दिए गए और इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया गया. जानकारी के मुताबिक पीड़ित युवक के भाई पर आरोपियों के परिवार की एक महिला को भगाकर ले जाने का आरोप है. आरोपियों में पीड़ित की पत्नी भी शामिल है.

सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने पीड़ित को छुड़ा लिया है. वहीं मामले में सोमवार को पीड़ित की पत्नी सहित 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया है. पुलिस को दिए बयान में पीड़ित ने 19 दिन तक बंधक बनाकर रखने का भी आरोप लगाया है. मामले में सदर थाना सीआई छुट्टनलाल ने बताया कि कलमंडा हाल गिदपटा निवासी जगमोहन मोग्या ने रिपोर्ट दी है.जिसमें बताया कि उसे बोरिना निवासी बाबूलाल मोग्या ने मोबाइल से कॉल किया और कहा कि तुम पति-पत्नी दोनों आ जाना.

मेरी घरवाली को लेने खल्दा खल्दी चलेंगे. ऐसे में 4 सितंबर को फरियादी व उसकी पत्नी रुक्मणी बाई बोरिना पहुंच गए. इसी दौरान धोखे से बुलाकर उसे बाबूलाल मोग्या, रामेश्वर मोग्या, द्वारकाबाई मोग्या, रुक्मणीबाई मोग्या, विनोद बाई मोग्या व उसकी पत्नी रुक्मणीबाई मोग्या ने घर में बंद कर दिया.

## New Delhi

# भाभी से हुआ झगड़ा तो देवर ने कर दी भतीजी की हत्या, पुलिस ने ऐसे किया गिरफ्तार

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** दिल्ली से हैरान करने वाला मामला सामने आया है. जहां एक शख्स ने भाभी से झगड़ा होने के चलते भतीजी का ही अपहरण कर लिया और कथित रूप से उसकी हत्या कर दी. फिलहाल पुलिस ने मामले में आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है. पूरा मामला दिल्ली के नरेला का है. पूरे मामले में न्यूज एजेंसी को जानकारी देते हुए एक अधिकारी ने बताया कि दिल्ली के नरेला इलाके में चार साल की बच्ची का उसके चाचा ने कथित तौर पर अपहरण कर उसकी हत्या कर दी. आरोपी की गिरफ्तारी उत्तर प्रदेश के सीतापुर से की गई है. वहीं, बच्ची का शव सोमवार की सुबह उसके घर के पास एक जंगल में मिला. पीड़िता के पिता ने स्थानीय पुलिस को दी गई शिकायत में कहा था कि बच्ची रविवार रात को लापता हो गई थी. एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि जांच के दौरान पता चला कि बच्ची के चाचा ने उसकी मां से लड़ाई होने के चलते अपहरण कर लिया था.

## Bihar

# जब नदी उगलने लगी शराब तो पुलिस भी हो गई हैरान, भारी मात्रा में किया बरामद

**तिरहुत-मुजफ्फरपुर।** बिहार के गया जिले में मंगलवार की सुबह पुलिस ने नदी में शराब माफियाओं के द्वारा छुपा कर रखे गये अवैध शराब को बरामद किया है। यह देख पुलिस भी चौंक गई। मामला मगध विश्वविद्यालय थाना क्षेत्र के कोशिला गांव के समीप स्थित नदी का है।इस मामले में स्मंथानीय लोगों ने बताया कि मंगलवार को मगध विश्वविद्यालय थाना की पुलिस कोशिला गांव के समीप स्थित नदी के किनारे नदी में छानबीन कर रही थी। पानी में घुसकर जांच करते देख लोग हैरान हो रहे थे। लोगों को समझ में नहीं आ रहा था कि पुलिस नदी में क्या तलाश कर रही है। नदी में पुलिस बल को देख, आसपास के लोगों की भारी भीड़ जुट गई। लोग कुछ और समझते, तब तक पुलिस नदी से एक-एक कर भारी मात्रा में विदेशी शराब बरामद करने लगी। लोगों की



नजर जब बरामद शराब पर पड़ी तो सभी हैरान रह गए। फिलहाल पुलिस शराब को जब्त कर अपने साथ थाने ले गई और आगे की कार्रवाई में जुट गई। इस संबंध में मगध विश्वविद्यालय थानाध्यक्ष रणविजय सिंह ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि कोशिला गांव के समीप स्थित नदी में शराब माफिया अपना ठिकाना बनाए हुए हैं।

## खेल

# 'जादूगर' जडेजा का होगा खास टेस्ट, कानपुर में लगाएंगे एक तीर से दो निशाना

**नई दिल्ली, (एजेंसी) रविंद्र जडेजा कागजों पर कभी भारतीय स्पिन अटैक की अगुआई करते नहीं दिखते। वाइट बॉल फॉर्मेट में स्पिन डिपार्टमेंट में कुलदीप यादव या युजवेंद्र चहल अगुआई करते दिखते हैं तो रेड बॉल में स्पिन फ्रंट का जिम्मा रविचंद्रन अश्विन संभालते हैं। हालांकि, जब टीम मैदान पर उतरती है तो यह थ्री-डायमेंशनल प्लेयर हर विभाग में अपनी मौजूदगी दर्ज करा देता है।**

27 सितंबर से शुरू होने वाले कानपुर टेस्ट में जडेजा के पास टेस्ट क्रिकेट में 300 विकेट और 3000 रन के 'ग्रैंड डबल' को हासिल करने वाले खिलाड़ियों के एलीट क्लब में शामिल होने का मौका होगा। जड्डू के नाम अभी 299 विकेट और 3122 रन दर्ज हैं। भारत के दो खिलाड़ियों अश्विन और कपिल देव सहित अब तक दुनिया के केवल 10




खिलाड़ी ही इस उपलब्धि को हासिल कर पाए हैं।

टीम की जीत में अहम रोल निभाने के बावजूद जडेजा को उतनी सुर्खियां नहीं मिलतीं। टेस्ट में कई बार ऐसा हुआ है जब जडेजा ने भारत को मुश्किल से निकाला है। बांग्लादेश के खिलाफ पहले टेस्ट में भारत की 280 रन की जीत के दौरान भी इसका नजारा देखने को मिला जब 144 रन पर छह विकेट गंवाने के बाद जडेजा और अश्विन ने सातवें विकेट के लिए 199 रन की साझेदारी करके भारत को 376 रन तक पहुंचाया। जडेजा ने 86 रन बनाए, लेकिन चर्चा अश्विन के शतक पर केंद्रित रही। जडेजा ने मैच में पांच विकेट चटकाए, लेकिन अश्विन ने दूसरी पारी में छह विकेट हासिल करके यहां भी उन्हें पीछे छोड़ दिया।

इस बात पर खूब चर्चा हुई कि अश्विन ने किस तरह से बांग्लादेश के अनुभवी बाएं हाथ के बल्लेबाज शाकिब अल हसन के खिलाफ कोणों का इस्तेमाल करके उन्हें आउट करने की नींव रखी। उन्होंने पहले टेस्ट के बाद कहा, 'कभी-कभी जब आप अपने साथी क्रिकेटर्स के साथ दौड़ में होते हैं तो आप एक-दूसरे से आगे निकलना चाहते हैं। फिर आप धीरे-धीरे एक-दूसरे की प्रशंसा करने लगते हैं। यह जानते हुए कि मैं जडेजा को कभी नहीं हरा सकता। इसलिए मैं अपने खेल में सहज हूं, लेकिन उन्होंने जो किया है, उससे पूरी तरह प्रेरित हूं।'

## सिनेमा

# में ऐश्वर्या राय और आलिया भट्ट ने बिखेरी दमकती खूबसूरती, एक ने अदाओं से तो दूसरी ने क्यूटनेस से जीता दिल



ऐश्वर्या राय बच्चन ने 'पेरिस फैशन वीक 2024' में रैंप वॉक करके एक बार फिर हर किसी का दिल जीत लिया है। एक शानदार ड्रेस पहने हुए ऐश्वर्या ने अपने लुक को पेरिस में इस तरह से दिखाया कि इस हसीना का हर कोई कायल हो गया। दूसरी तरफ हैं आलिया भट्ट, जिनके फैंस के लिए उन्हें वहां देखना सबसे ज्यादा एक्साइटिंग था। आलिया इतनी खूबसूरत लग रही हैं कि उनकी तारीफ में शब्द ही कम पड़ जाएं। ऐश्वर्या राय ने लहराते बालों के साथ जब एंट्री की तो जैसे सारे दिल थम गए हों। उन्होंने वॉक खत्म करके 'नमस्ते' के साथ सबका स्वागत किया। इससे पहले इवेंट में, ऐश्वर्या ने ब्रिजर्टन स्टार सिमोन एशले के साथ एक मजेदार पल शेयर किया था। उन्हें ईवा लोंगोरिया और कैमिला कैबेलो के साथ बातचीत करते हुए देखा गया था। एक स्टाइलिश काले पैंटसूट पहने हुए वो बेटी आराध्या बच्चन के साथ एंट्री कर रही थीं और तभी ऐश्वर्या ने अपनी शादी की अंगूठी भी फ्लॉन्ट की। वर्कफ्रंट पर, ऐश्वर्या ने हाल ही में मणिरत्नम की 'पोन्नियिन सेलवन 2' में अपनी शानदार परफॉर्मेंस के लिए SIIMA अवॉर्ड्स में बेस्ट एक्ट्रेस का अवॉर्ड जीता। यह अवॉर्ड उन्हें फिल्ममेकर कबीर खान ने दिया और ऐश्वर्या ने फैंस का दिल से शुक्रिया भी किया।

## Highlights

1. **Mice seen crawling on laddoos served as prasad at Mumbai's Siddhivinayak Temple**
2. **Save rapist alliance: BJP as Oppn criticises Badlapur encounter**
3. **Principal kills 6-yr-old girl resisting sexual assault, dumps body in Guj school compound**
4. **Policeman behind Badlapur accused encounter was part of team that arrested Dawood's brother**

# We're focused on designing products for people, that solve problems: Jake Dyson

**NEW DEIHI, (Agency).** "We're not afraid to go into industries where other brands are perceived as leading those industries. We want to go in there and make better products and solve more problems," Jake Dyson, Chief Engineer at Dyson tells HT. (In case you're wondering, he is the son of inventor, entrepreneur and philanthropist, Sir James Dyson). We sit across a round table that isn't filled with documents as is usually the norm, but the innards of precision tech that Dyson makes. A Dyson Hyperdymium motor found in the powerful V15 Detect vacuum cleaner, for instance. Pieces from a tech jigsaw not often seen.



The reason Jake Dyson is visiting India, is to underline the company's push into the premium audio space. Headphones for now, but nothing is off the table. The Dyson OnTrac headphones succeed last year's Dyson Zone, but this time around, the focus is on sound and not the air purification accessory. As well as design refinements which make this one of the most comfortable (often cannot be said for headphones that tend to be heavy), driver configuration and placement tweaks as well as various customisation options with interchangeable cushions and outer caps.

There is a rather unique satisfaction to be drawn from seeing the audio drivers in action—the angled placement too, draws on research to reduce sound reverb before it reaches the wearer's ear. Nevertheless, competition will be tough for the Dyson OnTrac, with this space and price band (thats between ₹30,000 and ₹60,000) dominated by the likes of Sony, Bose and Sennheiser, with Apple too marking the re-emergence of the updated AirPods Max; and that's even before competition from premium wireless earbuds is to be contended with.

# Samsung's 'no work, no pay' showcause notice to protesting workers: Top updates

**NEW DEIHI, (Agency).** Strike at Samsung Electronics' manufacturing unit at Sriperumbudur in Chennai entered its 16th day today. The company has reportedly issued a showcause notice to the striking workers saying it will bring its 'no work, no pay' policy and lay off workers if they continue with the strike. The strike is backed by the Centre of Indian Trade Unions (CITU) and started on September 9. Here are top updates on Samsung India workers' protest:

1. Some striking workers returned to work on Monday after the show cause notice was issued, Business Standard reported.

2. Showcause notice said that workers will not be paid for the duration of the "illegal strike" in accordance with the 'no work, no pay' policy.

3. A Samsung official told Business Standard. "The management has already indicated that all issues can be resolved through discussions and has made various harmonious attempts to resolve differences and for you to report to duty."

4. The report claimed that workers were informed that they would be dismissed from service if they continued with the strike. The showcause notice said, "If you fail to report to work within four days from the date of receipt of this notice, you are directed to show cause within seven days from the date of receipt of this notice as to why you should not be dismissed from service."

5. The strike has impacted the production of consumer goods such as televisions, refrigerators and washing machines.

6. An unnamed official said as per the report, "The welfare of our workers is our top priority, and we will continue to engage with them to address any grievances they may have. At the same time, we have also ensured that there is no disruption to our consumers ahead of the festive season."




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9111156060 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक